देश में हड़तालों के कारण हुई हानि

1140. श्री संतोष बागड़ोदिया : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत उन तीन देशों में से एक है जो 1986 के दौरान हड़तालों से सर्वाधिक प्रभावित हुए ; और

(ख) यदि हां, तो 1986 और 1987 के वर्षों के दौरान इसके परिणाम-स्वरूप क्रमश: कितने श्रम दिवसों का नुकसान हुआ और कितनी आर्थिक हानि हुई ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) श्रम सांख्यिकी 1987 से संबंधित आई० एल० ओ० की वार्षिक पुस्तिका मे छपी सूचना के अनुसार, जहां यह बात सही है कि वर्ष 1986 में औद्योगिक विवादों (हड़ताले और ताला-बंदियों) की कुल संख्या के संदर्भ में भारत प्रथम तीन देशों मे से एक है, यह विधिवत नहीं होगा कि आकड़ों के समावेशन (कवरेज) और विभिन्न देशों के रोजगार के पारि-भाषिक परिवर्तनो में विसंगतियों के कारण अन्य देशो के साथ श्रम स्थिति की तुलना का प्रयास किया जाय ।

(ख) उपलब्ध नवीनतम सूचना के अनुसार हड़तालों के कारण वर्ष 1986 में 18.82 मिलियन तथा वर्ष 1987 में 10.96 मिलियन श्रम दिवसों की हानि हुई । वर्ष 1986 में 28.63 करोड़ रु० तथा वर्ष 1987 मे 19.06 करोड रु० मजदूरी की हानि हुई थी वर्ष 1986 के दौरान 454.66 करोड़ रुपये तथा वर्ष 1987 के दौरान 226.28 करोड़ रुपये के उत्पादन में हानि हुई थी ।

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा किसानों को आवास सुविधा

1141. श्री संतोष बागड़ोदिया : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा यमुनापार की न्यू सीलमपुर कालोनी में पिछले बीस वर्षो से रह रहे काश्तकारों की जमीन तथा दुकानों को गिराकर अपने कब्जे में ले लिया गया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त काश्तकारों ने इन खेतों का भू-राजस्व और बिजली के बिलों का भी सरकार को कर दिया है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इन काश्तकारो को किसी अन्य स्थान पर उप-युक्त आवासीय सुविधा प्रदान कराने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जायेगी ?

Implementation of ITDP in MaiJnya Pradeh

1142. SHRIMATI RATAN KUMARI: Will the Minister of WELFARE be pleased to state:

fa) The number of Integrated .Tribal De-velopment- projects under implementation in Madhya Pradesh at -present: and

Cb) the number of tribal families benefited' by these -projects during the last three years, year-wise?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MI NISTRY OF WELFARE (SHRIMATI SUMATI ORAON): (a) 49 Integrated Tribal Development Projects are under implementation in Madhya Pradesh at present.

-Cb) The number bf tribal families bene fited through family oriented programmes under various sectors during the last three years of 1985-86, 1986-87 and 1987-88 are 2-17 lakh,- 2.41 lakh and 2.23 lakh respectively.